# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 25 अप्रैल 2024, गुरुवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा ओडिशा के सोनपुर में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**ओडिशा में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने जा रही है**

*****************************

**जो अपने प्रदेश की भाषा, साहित्य और संस्कृति का गौरव नहीं कर सकता वो प्रदेश को आगे नहीं बढ़ा सकता**

*****************************

**भाजपा की सरकार बनी तो उड़ीसा के लोगों का रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा**

*****************************

**काशी विश्वनाथ की तर्ज पर पुरी का विकास करेगी भाजपा**

*****************************

**मोदी सरकार की योजनाओं पर नवीन बाबू अपना फोटो लगाकर करते हैं प्रचार**

*****************************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुरुवार को ओडिशा के सोनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में विकास की कमी के लिए वर्तमान ओडिशा सरकार की आलोचना की और ओडिशा के लिए भाजपा सरकार की योजनाओं को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री एवं संबलपुर लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी श्री धर्मेन्द्र प्रधान, ओडिशा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मनमोहन सामल, सोनपुर लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव एवं कई विधानसभा प्रत्याशियों सहित अन्य पदाधिकारीगण मंच पर उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि देशभर में लोकसभा का चुनाव चल रहा है और पूरे देश में मोदी-मोदी के नारे लग रहे हैं। देश की जनता आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट कररही है, लेकिन ओडिशा की जनता माननीय प्रधानमंत्री श्श्री नरेन्द्र मोदी के साथ ओडिशा की भाषा, संस्कृति, धर्म और साहित्य के गौरव के लिए भी पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए वोट करेगी। जो अपने प्रदेश की भाषा, साहित्य और संस्कृति का गौरव नहीं कर सकता, वो प्रदेश को आगे नहीं बढ़ा सकता। ओडिशा की सरकार ने सिर्फ प्रदेश को विकास से दूर रखा, बल्कि अफसरों के माध्यम से भयंकर भ्रष्टाचार भी किया है। **माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। जिन राज्यों में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, वहां आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास की गंगा बही है, लेकिन सबसे ज्यादा खनिज संपदा और पानी का वैभव होने के बावजूद ओडिशा में समृद्धि नहीं**

**आई।** लाखों-करोड़ों ओडिशावासियों को मजदूरी करने के लिए मुंबई, गुजरात, दिल्ली, बैगलोर और पंजाब जाना पड़ रहा है।

श्री अमित शाह ने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि **ओडिशा की जनता नवीन पटनायक की सरकार को हटाकर भाजपा सरकार बना दे, तो किसी ओडिशावासी को पलायन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि बाहर से ओडिशा में उद्योग आएं ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी।** बीते 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सालों से अटके मुद्दों को सुलझाया है। कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा, लेकिन देश की जनता ने आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो 5 वर्षों में ही मामले का फैसला भी आ गया, भूमि पूजन हुआ और भव्य राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। **ओडिशा सरकार ने राम मंदिर के उत्सव को भ्रमित करने का प्रयास किया, लेकिन ओडिया भाषियों ने उस प्रयास को विफल कर दिया।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कह रहे हैं कि राजस्थान और ओडिशा के लोगों का कश्मीर से क्या लेना देना। लेकिन खड़गे साहब को ये पता नहीं है कि ओडिशा का एक-एक युवा कश्मीर के लिए जान देने के लिए तैयार है। कांग्रेस ने कश्मीर को भारत से अलग रखने वाली धारा 370 को 70 वर्षों तक अनौरस बच्चे की तरह गोद में रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बना दिया। भाजपा सरकार ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का कार्य किया है।

श्री शाह ने कहा कि पहले पाकिस्तान से आए दिन आतंकी आके बम-धमाके करके चले जाते थे, लेकिन भाजपा सरकार में आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला करने की गलती की तो पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक करके आतंकियों का सफाया किया गया। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो चावल मुहैया करवा रहे हैं। नवीन पटनायक की सरकार कहती है कि यह खाद्यान्न राज्य सरकार दे रही है, जबकि ये झूठ है। केंद्र सरकार द्वारा दिए गए चावलों को अपने थैले में देने का कार्य किया जा रहा है।** पिछले 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 12 करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय बनवाए, 4 करोड़ घरों का निर्माण करवाया, 10 करोड़ माताओं बहनों को गैस कनेक्शन दिए और 14 करोड़ लोगों के घरों तक नल से जल देने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर के 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क मुहैया करवाया जा रहा है। लेकिन ओडिशा में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इसे लागू नहीं होने दे रहे हैं, लेकिन भाजपा के विजयी होने पर ओडिशा में भी 5 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क मुहैया करवाया जाएगा। **भाजपा की सरकार बनने पर ओडिशा में टेक्सटाइल मिल बनाकर कपास के किसानों की मदद करेंगे और मत्स्य पालन कॉलेज बनाकर सभी मछुआरों को आगे बढ़ाने का काम भी किए जाएगा। कृषि आधारित उद्योग और आयुर्वेदिक दवाओं के कारखाने खोलकर किसानों को समृद्ध बनाया जाएगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में काशी की तर्ज पर पुरी का भी विकास किया जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि ओडिशा में कई विकास की संभावनाएं हैं। **देशभर में सबसे ज्यादा खनिज संपदा ओडिशा में है और सबसे ज्यादा गरीबी भी ओडिशा में है। लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद खनिज संपदा का बेहतर उपयोग करके आदिवासी लोगों के विकास और उन्हें आगे बढ़ाने का काम भाजपा सरकार करेगी।** यूपीए शासन में ओडिशा के विकास के लिए 10 वर्षों में 1 लाख 45 हजार करोड़ रुपए दिए, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में उस रकम को बढ़ाकर 4 लाख 81 हजार करोड़ रुपए कर दिया। मोदी सरकार ने उड़ीसा को 1 लाख

50 हजार करोड़ आधारभूत संरचना के विकास के लिए, 23 हजार करोड़ रुपए सड़क के लिए, 65 हजार करोड़ रुपए रेलवे के लिए और 500 करोड़ रुपए एयरपोर्ट के लिए आवंटित किया है। **एक सर्वे में यह स्पष्ट किया गया है कि ओडिशा राज्य के इतिहास में नवीन पटनायक के शासन में कोई भी विकास के कार्य नहीं हुए हैं। देश जिन भी राज्यों में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनी है, वह राज्य दिन-दोगुनी और रात चौगुनी प्रगति कर रहा है।** समय आ गया है देश और दुनिया भर के उद्योगों को ओडिशा में स्थापित करने का, ओडिशा के हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का और राज्य के हर किसान और मजदूर को समृद्ध करने का। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र  मोदी जी का 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प है और यह देश विकसित तभी बन सकता है, जब ओडिशा भी विकसित होगा।** श्री शाह ने लोकसभा की सभी 20 सीटों के साथ ओडिशा विधानसभा में भी भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने की अपील की।

**************************************